Need to utilise vacant land on both sides of Bairgania Railway Station in Sheohar Parliamentary Constituency ? laid

श्रीमती रमा देवी (शिवहर)**:** शिवहर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पूर्व-मध्य रेल जोन के सीतामढ़ी- रक्सौल रेलखंड पर स्थित बैरगनिया रेलवे स्टेशन की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूँ। ज्ञात हो कि उक्त बैरगनिया रेलवे स्टेशन भारत - नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र पर स्थित एक घनी आबादी वाला इलाका है**,** जो व्यवसायिक दृष्टिकोण से भी काफी महत्वपूर्ण है। परन्तु स्टेशन के मुख्य पथ के दोनों तरफ रेलवे की काफी भूमि वर्षों से बेकार एवं कुड़ादान बनी हुई है। विरान अवस्था में होने के कारण यहाँ आये दिन अपराधिक घटनाएं होती रहती हैं। उक्त खाली भूमि को नगर परिषद् बैरगनिया को लीज पर उपलब्ध करा देने से क्षेत्रवासियों को रोजगार के साथ-साथ रेलवे को राजस्व की भी प्राप्ति होगी।

अतः सरकार से अनुरोध है कि जनहित में बैरगनिया रेलवे स्टेशन मुख्य पथ के दोनों तरफ खाली पड़ी जमीन उपयोग में लायी जाये अथवा इसे नगर परिषद बैरगनिया को लीज पर उपलब्ध करायी जाये जिससे कि क्षेत्रवासियों को रोजगार के साथ**-**साथ रेलवे को राजस्व की भी प्राप्ति हो सके ।